(b) if so, by what date and what industries would be encouraged therein?

The Minister of Commerce and Industry (Shri Lal Bahadur Shastri): (a) Not yet, Sir

(b) Does not arise.

मध्य प्रदेश में दूसरी पंचवर्षीय योजना के कार्यों के लिये राशि

४८३. **{श्री खादीवाला : श्री क० भे० मालवीय**

क्या योजना मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश सरकार का दूसरी पंचवर्षय योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी और उसमे से कितनी धनराशि अब तक व्यय हुई,

(ख) मध्य प्रदेश सरकार को दूसरी पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि में से कितनी धनराशि और क्यो व्यपगत हुई, और

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार व्यपगत राशि मध्य प्रदेश सरकार को देने का विचार कर रही है?

योजना उपमंत्री (श्री व्या० नं० मिश्र): (क) से (ग) प्रश्न का आशय सभवत मध्य प्रदेश की योजना के लिए केन्द्र से मिलने वाली सहायता से है। राज्य सरकारो को केन्द्र से मिलने वाली धनराशि उनकी वार्षिक योजना के अनुसार प्रति वर्ष तय की जाती है। मध्य प्रदेश ने १९५६–५७ और १९५७–५८ में केन्द्रीय सहायता के मद मे क्रमश १० ६ करोड और १९ ७ करोड रुपए लिए थे और १९५८–५९ के लिए १८.५ करोड रुपये की रकम निर्धारित की गई थी।

आदर्श ग्रामों के निर्माण की योजना

४८४. **{श्री खादीवाला : श्री क० भे० मालवीय):**

क्या निर्माण, आवास और संभरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आदर्श ग्राम निर्माण योजना के अन्तर्गत मध्य प्रदेश शासन को अब तक कितनी धनराशि दी गई है, और

(ख) मध्य प्रदेश में ऐसे कितने आदर्श ग्राम बस गये हैं अथवा बसाये जा रहे है?

निर्माण, आवास और संभरण उपमंत्री (श्री अनिल० कु० चन्दा) (क) १९५७–५८ मे मध्य प्रदेश सरकार के लिये ३ ७० लाख रुपये की धनराशि निर्धारित की गई थी जिसका उस वर्ष वे उपयोग नही कर सके। १९५८–५९ में उस राज्य सरकार के लिये ५.२५ लाख रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है। केन्द्रीय सहायता देने की नई विधि के अनुसार राज्य सरकार की वार्षिक निर्धारित सहायता का तीन चौथाई भाग उस राज्य को कार्य चालू रखने के साधन के रूप में नौ मासिक किश्तो में पेशगी दे दिया जाता है और इसका हिसाब वर्ष के अन्त में दी गई स्वीकृतियो के अनुसार किया जायेगा। ग्रामीण आवास योजना के अन्तर्गत चुने गये गांवो की मकान प्रयोजनाओं के लिये ये धनराशिया निर्धारित की गई है। इन चुने हुए गांवो में पर्याप्त मकान तथा दूसरी सुविधाएं मिल सकेंगी और इनसे आसपास के इलाको को विकास के लिये प्रेरणा मिलेगी।

(ख) गत वर्ष राज्य सरकार को ३५ गाव अलाट किय गये थे और इस वर्ष ७० और गाव अलाट किये गये हैं। गावो में मकान बनाने की योजना को कार्यान्वित करने के लिये राज्य सरकार ने इन १०५ गांवों में से अभी तक ७८ गाव लिये है।